झारखंड का सर्वाधिक प्रसारित दैनिक
प्रभात खबर
बुधवार | रांची, 29 जून, 2011
आषाढ़ कृष्ण 14 संवत 2068

अन्याय की जड़ में सामाजिक विषमता

पदयात्रा के दौरान कई लोग उपस्थित थे. फोटो । प्रभात खबर

जनजागरण पदयात्रा रवाना

प्रतिनिधि ■ चतरा

जन जागरण अभियान सह विधिक जागरूकता पद यात्रा अभियान को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुश्ताक अहमद ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया. डीजे ने कहा कि विधिक सेवा द्वारा सरकारी खर्च पर वकील, कोर्ट फीस, अभिलेखों को तैयार करने, गवाहों को आने-जाने व मुकदमा से संबंधित अन्य जरूरी खर्च दी जाती है. इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के संयोजक व स्वयं सेवकों के अलावे कई लोग उपस्थित थे. इस अवसर पर मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ एमएस पाठक ने कहा कि नक्सलवाद की समस्या भय, भूख व भ्रष्टाचार मिटा कर हल किया जा सकता हैं. उन्होंने कहा कि अन्याय की जड़ में सामाजिक विषमता है, उसे दूर कर ही अमन की स्थापना की जा सकती हैं. प्रेम व भाईचारे की इस संदेश को पदयात्रा के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाया जायेगा. उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर झालसा से मिलन वाला त्वरित व सुलभ न्याय के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे. श्री पाठक ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक के संरक्षण में झारखंड राज्य सेवा प्राधिकार के सहयोग से संगठन द्वारा 16 जनवरी 2010 से जन-जागरण अभियान की शुरुआत की गयी है. यह देश के सभी गांवों में जाकर लोगों को जागरूक कर रहा हैं. पदयात्रा में सुबोध कुमार, रेणु कुमारी, नीलू कुमारी, सुमन ठाकुर, नीरज कुमार, शंकर ठाकुर, सीता कुमारी, कीर्तिमान पाठक, अनिल कुमार मिश्रा व शेषनाथ वर्णवाल शामिल हैं. इस अवसर पर संगठन के चतरा जिला अध्यक्ष चिंतामणि पाठक, प्राधिकार के सचिव राम जियावन, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शिव वचन यादव समेत कई न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता सांसद प्रतिनिधि नंदलाल केसरी आदि मौजूद थे.

28/06/2011